# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 10 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2082


PAGE NO 4 :MIDDLE

## विरल और इमरान की शानदार बल्लेबाजी ने टीम को दिलाई जीत

बरेली। रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित रवींद्र नाथ टैगोर क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और ओसिस क्रिकेट अकादमी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी 96 रनों से विजयी बनी। विरल और इमरान ने क्रमशः 52 और 44 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

निमंत्रण पाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में 193 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से विरल भटनागर ने 52 रनों की पारी खेली। इमरान ने भी 44 रन बनाकर पारी को मजबूती दी।

एसआरएमएस के इन दोनों बल्लेबाजों ने साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ओसिस की ओर से विश्वजीत ने सात ओवरों में 39 रन खर्च कर चार विकेट झटके। शाद रजा और सुभान ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसिस क्रिकेट अकादमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एसआरएमएस के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। सुशांत और ईशान ने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। दोनों ने तीन-तीन विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। ओसिस की टीम 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले विरल भटनागर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रभावी गेंदबाजी के लिए विश्वजीत को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

अंपायर की भूमिका मनोज यादव और अभिजीत तोमर ने निभाई। इस दौरान सुनील वर्मा भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट सचिव पंकज यादव ने बताया कि बुधवार सुबह रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी और एसआरएमएस जूनियर के बीच अगला मुकाबला खेला जाएगा। संवाद



विरल भटनागर को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार। स्रोत : अकादमी